पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
——————

राज्यपाल ने वन स्टॉप सेन्टर एवं जिला कारागार का किया निरीक्षण
—————
राज्यपाल ने महिला बंदियो एवं उनके बच्चों के प्रयोगार्थ सामग्री का किया वितरण
—————

लखनऊः 12 मई, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज मुजफ्फरनगर भ्रमण के दौरान वन स्टॉप सेन्टर पर स्थापित बैकिंग पटल (स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया), आधार पंजीकरण केन्द्र, वन स्टॉप सेन्टर का रिसेप्शन कक्ष, रिपोर्टिंग पुलिस चौकी, मेडिकल कक्ष, अल्पावास गृह, रसोई इत्यादि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। तत्पश्चात वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक श्रीमती पूजा नरूला ने राज्यपाल जी को वन स्टॉप सेन्टर की संपूर्ण कार्यप्रणाली एवं गत वर्षों में प्राप्त प्रकरणों की विस्तार से जानकारी दी। राज्यपाल जी ने अल्पावास गृह में निवासरत महिलाओं का हाल चाल पूछा तथा उन्हें फलाहार व हाईजीन किट वितरित की।

राज्यपाल जी ने महिला बैरक में महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों हेतु स्थापित क्रेच का उद्घाटन किया तथा निरुद्ध महिला बंदियो से संवाद किया और उनके द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पादों की सराहना की। राज्यपाल जी द्वारा महिला बंदियो सहित उनके बच्चों को विभिन्न खेल–खिलौने, फल मिठाईयां वितरित की गई। इसके अतिरिक्त महिला बंदियों के प्रयोगार्थ सामग्री यथा साड़ी, सूट, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, सिलाई मशीन, सैनेटरी पैड डिस्पोजल/वेंडिग मशीन, एल.ई.डी. टीवी म्यूजिक सिस्टम, कूलर, वाटर कूलर, दो कम्प्यूटर सेट भेंट की गयी। राज्यपाल जी ने विभिन्न स्कूलों से आये विद्यार्थियों द्वारा किये गये कारागार भ्रमण के अनुभवों के विषय में उनसे वार्तालाप किया। साथ ही इन विद्यार्थियों को इस भ्रमण से सीख ग्रहण करने हेतु आह्वान भी किया कि जिन कारणों से व्यक्ति जेल में आता है, उन कारणों को अपने भीतर प्रवेश न करने दें।

उन्होंने महिला बंदियों से अपराध न करने, अन्याय के खिलाफ आवाज बुलन्द करने तथा शैक्षिक रूप से सशक्त होने का आहवान किया गया। इसके उपरान्त राज्यपाल जी द्वारा एन.जी.ओ. को प्रशस्ति–प्रत्र देकर सम्मानित किया गया। अन्त में राज्यपाल जी को महिला बंदियों द्वारा निर्मित बैग एवं जिला कारागार की ओर से पौधे व पुस्तक भेंट की गई।

इस अवसर पर मा0 केन्द्रीय राज्य मंत्री डा. संजीव बालियान, मा0 राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल सहित डी0आई0जी0 जेल मेरठ श्रीमती अमिता दुबे, जिलाधिकारी चन्द्रभूषण सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, मुख्य विकास अधिकारी आलोक यादव सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

————

चन्द्र विजय वर्मा–सूचना अधिकारी/राजभवन (201/10)
सम्पर्क सूत्र–9044381834